ou vu|l/kku lLFkku e fgnh lIrkg dk vk;ktu

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में 14 से 20 सितम्बर, 2017 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं, जैसे हिंदी टंकण प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता एवं स्वरचित हिंदी काव्यपाठ प्रतियोगिता, आयोजित की गई और दिनांक 20 सितम्बर, 2017 को समापन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस समापन समारोह की मुख्य अतिथि डा0 सविता, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान थी। श्रीमती नीलिमा शाह, कुलसचिव द्वारा स्मृतिचिन्ह के रूप में महान दार्शनिक स्वामी विवेकानन्द की पुस्तक ^^अमर संदेश** प्रदान कर मुख्य अतिथि महोदया के स्वागत के साथ समारोह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर स्वरचित हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा हिन्दी टंकण प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों सुधीर सिंह बिष्ट, बी.डी. बडोला, ममता उप्रेती एवं श्रीमती दीप्ती को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान किए गए। डा0 एस.डी. शर्मा, प्रभाग प्रमुख, वन संवर्धन एवं प्रबंध प्रभाग द्वारा हिन्दी टिप्पण व प्रारूप लेखन के विजेता छत्रपाल सिंह सैनी, संजीव खुगशाल, एस. एस मित्तल, एवं सुशील भट्टाराई को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। डा0 एन.के. उपरेती, समूह समन्वयक, वन अनुसंधान संस्थान द्वारा हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता, अशीष कुमार, ममता उप्रेती, अरविन्द कुमार एवं सुधीर सिंह बिष्ट को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा श्रीमती नीलिमा शाह, कुलसचिव द्वारा स्वरचित हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं सुबोध बाजपेयी, छत्रपाल सिंह सैनी, सचिन कुमार एवं संजीव खुगशाल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

अपने उद्घाटन भाषण में मुख्य अतिथि डा0 सविता, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने राजभाषा के महत्व पर जोर दिया और सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को संस्थान के दैनिक शासकीय कार्यो में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए भविष्य में विविध गतिविधियां आयोजित करने की जानकारी दी। मुख्य अतिथि निदेशक महोदया, ने हिंदी सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर संस्थान की द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) वेबसाईट का भी शुभारम्भ किया। हिंदी की वेबसाई का पता www..fri.res.in/hindi & english है जिसे किसी भी वेब ब्राउज़र पर देखा जा सकता है।

श्रीमती नीलिमा शाह, कुलसचिव के कुशल मार्गदर्शन में श्री रामबीर सिंह, वैज्ञानिक–डी एवं प्रभारी अधिकारी, हिंदी अनुभाग, वन अनुसंधान संस्थान द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन किया गया। समापन समारोह के अवसर पर सभी प्रभागों के प्रमुख एवं लगभग 250 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम में श्री रमेश सिंह, उच्च श्रेणी लिपिक, हिंदी अनुभाग का योगदान सराहनीय रहा। धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

fgnh lIrkg lekiu lekjkg dh e[; vfrfFk Mk0 lfork fun'kd] o-v-l- n'kdk dk lckf/kr djr g,

fgnh lekjkg e Lojfpr dk0; ikB ifr;kfxrk e mifLFkr lLFkku d vf/kdkjh ,o deZpkjhx.k

fgUnh lIrkg dk nkSjku fVIi.k ,oa izk:i izfr;ksfxrk esa izfrHkkxhx.k

Mk0 eks0 ;qlqQ] izHkkx izeq[k] ou dhV izHkkx dk0;kiB djrs gq,

Mk0 lfork] fun'kd }kjk fotrk ifrHkkfx;k dk ijLdkj forj.k

Jh ,l-Mh- 'kek] ie[k ou lo/ku ,o ic/k iHkkx }kjk fotrk ifrHkkfx;k dk ijLdkj forj.k

Mk0 ,u-d- mijrh] leg leUo; }kjk fotrk ifrHkkfx;k dk iqjLdkj forj.k

Jherh uhfyek 'kkg] dy lfpo] }kjk fotrk ifrHkkfx;k dk iqjLdkj forj.k

eq[; vfrfFk Mk0 lfork] funs'kd] ou vuql/kku lLFkku }kjk fgnh oc lkbM dk 'kqHkkjEHk

eip lpkyu djrs g, Jh jkechj flg] oKkfud&Mh ,o iHkkjh vf/kdkjh] fgnh vuHkkx] o-v-l-